## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया


# नोएडा में संभावनाओं के द्वार खुलेंगे : योगी

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट**

**ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ उन्होंने पौने दो घंटे तक बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट से नोएडा में संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए बेहतर अवसर है। पहले चरण में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और एक लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा। सरकार एयर कनेक्टिवटी पर जोर दे रही है। 11 एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। यूपी से अब 80 जगहों के लिए फ्लाइट की सुविधा मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम करीब 4.18 बजे जेवर पहुंचे। उन्होंने शिलान्यास स्थल का दौरा किया व अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के नागरिक उड्डन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, सांसद डॉ महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास करेंगे।



जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों को निशाने पर लिया। • हिन्दुस्तान

### डिफेंस कॉरिडोर को भी मिलेगा फायदा

प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इसका प्रमुख केंद्र अलीगढ़ भी है। यह इलाका जेवर एयरपोर्ट के पास है। डिफेंस कॉरिडोर भी इससे लाभान्वित होगा। एयरपोर्ट के पास मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक सिटी के साथ-साथ कार्यक्रम निवेश की दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं।

**विपक्षियों को निशाने पर लिया :** मुख्यमंत्री ने विपक्षियों को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब किसी परियोजना का लोकार्पण किया जाता है तो वे कहते हैं कि यह तो उन्होंने सोचा था। इसलिए उनको बताने की जरूरत है कि परियोजना का शिलान्यास होने जा रहा है।

## जेवर देश का पहला शून्य उत्सर्जन एयरपोर्ट होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर का शिलान्यास रखेंगे। इस एयरपोर्ट के तैयार हो जाने के बाद उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य हो जाएगा जहां पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में मंगलवार को बताया गया कि यह देश का पहला शुद्ध शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो एमिसन्स) एयरपोर्ट होगा।

पीएमओ ने कहा कि इस एयरपोर्ट का विकास विमानन क्षेत्र को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल तैयार करने और संपर्क को मजबूत बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उनके इस दृष्टिकोण के तहत उत्तर प्रदेश पर विशेष ध्यान दिया गया है।